भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 2376**

जिसका उत्तर 05.03.2020 को दिया जाना है

**उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग**

2376. एडवोकेट अजय भट्टः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्गों की श्रेणी में आने वाली सड़कों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य में कुछ नई सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्गों की श्रेणी में आने वाली सड़कों की कुल संख्या 20 है। ब्यौरे **अनुबंध-क** पर दिए गए हैं।

(ख) और (ग): जी, नहीं।

**अनुबंध-क**

**'उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग' के संबंध में एडवोकेट अजय भट्ट द्वारा दिनांक 05.03.2020 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 2376 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्र. सं. | नई रारा सं. | पुरानी रारा सं. | रूट | उत्तराखंड में लंबाई (किमी) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **7** | 10, 15, 22, 58, 64, 71, 72, और 73 | पंजाब राज्य में फाजिल्का (भारत/पाकिस्तार सीमा) से प्रारंभ होकर अबोहर, मलौट, भटिंडा, बरनाला, संगरूर, पटियाला, राजपुरा, हरियाणा राज्य में पंचकूला, रायपुर रानी, धनाना, हिमाचल प्रदेश में पौंटा साहिब, उत्तराखंड राज्य में देहरादून के निकट ऋषिकेश, रूद्रप्रयाग, रूद्रप्रयाग के निकट कर्णप्रयाग, चमोली, बद्रीनाथ, माना को जोड़ने वाला राजमार्ग | **402.6** |
| 2 | **107** | 109 | उत्तराखंड राज्य में रूद्रप्रयाग के निकट रारा-7 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर गुप्तकाशी फाटा को जोड़ने वाला और केदारनाथ धाम के निकट गौरीकुंड पर समाप्त होने वाला राजमार्ग | **76.0** |
| 3 | **107ए** | | उत्तराखंड राज्य में चमोली के निकट नई रारा सं.-7 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर गोपेश्वर, ओखीमठ को जोड़ने वाला और बरमवारी के निकट नई रारा सं.-7 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग | **84.2** |
| 4 | **507** | 123 | उत्तराखंड राज्य में हरबतपुर के निकट रारा-7 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर विकासनगर, कालसी, बरकोट को जोड़ने वाला और रारा-134 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग | **111.4** |
| 5 | **307** | 72ए | उत्तराखंड राज्य में देहरादून के निकट रारा-7 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर मोहंद, बिहारीगंज को जोड़ने वाला और उत्तर प्रदेश राज्य में छुटमुलपुर के निकट रारा-344 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग | **7.5** |
| 6 | **707** | 72बी | हिमाचल प्रदेश राज्य में पोंटा साहिब के निकट रारा-7 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर राजबन, शिल्लई, मिनास को जोड़ने वाला और उत्तराखंड में मिनस - तिउनी से होकर गुजरने वाला तथा हिमाचल प्रदेश राज्य में हतकोटी पर समाप्त होने वाला राजमार्ग | **40.5** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | **707ए** | | उत्तराखंड राज्य में तिउनी पर रारा-707 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर चकराता, भेदियाना, मसूरी, न्यू टिहरी को जोड़ने वाला और श्रीनगर पर रारा-7 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग | **310.0** |
| 8 | **9** | 10, 24, 87, 74 और 125 | पंजाब राज्य में मलौट के निकट रारा-707 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर हरियाणा राज्य में डबवाली, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, हांसी, रोहतक, बहादुरगढ़, दिल्ली [पंजाबी बाग से रिंग रोड के भाग को छोड़कर (पुरानी रारा सं. 10 का किमी 12.300) से निजामुद्दीन पुल रिंग रोग टी जंक्शन (पुरानी रारा सं. 24 का किमी 0.00)], उत्तराष्ट्रीय राजमार्ग प्रदेश राज्य में गाजियाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बिलासुपर, उत्तराखंड राज्य में रूद्रपुर, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर, पिथैरागढ़,बोगला को जोड़ने वाला और भारत / नेपाल सीमा के निकट असकोट पर समाप्त होने वाला राजमार्ग | **255.0** |
| 9 | **109** | 87 | उत्तराखंड राज्य में रारा-9 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर रूद्रपुर, हल्द्वानी, नैनीताल, भोवली, अल्मोड़ा, रानीखेत, द्वाराहाट, चौखुटिया, गैरसेण, बदबादरी को जोड़ने वाला और कर्णप्रयाग के निकट रारा-7 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग | **314.0** |
| 10 | **309** | 74, 121 और 119 | उत्तराखंड राज्य में रूद्रपुर के निकट रारा-9 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर काशीपुर, बुबाखल, पौड़ी को जोड़ने वाला और श्रीनगर के निकट रारा-7 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग | **264.0** |
| 11 | **309ए** | | उत्तराखंड राज्य में रामेश्वर के निकट रारा-9 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर गंगोलीहाट, बेरीनाग, चौकोरी, कांडा, बागेश्वर, तकुला को जोड़ने वाला और अल्मोड़ा के निकट रारा-109 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग | **208.0** |
| 12 | **309बी** | | उत्तराखंड राज्य में अल्मोड़ा के निकट रारा-109 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर और रामेश्वर पर रारा-9 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग | **82.0** |
| 13 | **30** | 74, 75, 24, 24बी, 27, 7, 12ए, 200, 43, 16, 221 | उत्तराखंड राज्य में सितारगंज के निकट रारा-9 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर उत्तर प्रदेश राज्य में पीलीभीत, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, लखनऊ, रायबरेली | **2.9** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | और इलाहाबाद और मध्य प्रदेश में मंगावन, रीवा, कटनी, जबलपुर, मंडला, छत्तीसगढ़ में चिपली, सिमगा, रायपुर, धमतरी, केसकल, जगदलपुर और कोंटा, आंध्र प्रदेश राज्य में नेल्लीपाका, भद्राचलम, पलोंचा, कोट्टागुंडम, तिरावुरु, मैलावरम को जोड़ते हुए और कोंडापल्ली के निकट रारा-65 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग । | |
| 14 | **34** | 108, 94, 58, 74, 119, 58, 91, 86, 12ए और 7 | उत्तराखंड - उत्तर प्रदेश राज्य में धमतरी से प्रारंभ होकर भटवारी, उत्तरकाशी, धरासू, न्यू टिहरी, आमपाटा, ऋषिकेश और हरिद्वार को जोड़ने वाला राजमार्ग। | **390.4** |
| 15 | **134** | 94 | उत्तराखंड राज्य में धरासू, कठनौर के निकट रारा-34 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर यमनोत्री पर समाप्त होने वाला राजमार्ग। | **97.0** |
| 16 | **334** | 58, 235 | उत्तराखंड राज्य में हरिद्वार के निकट रारा-34 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर रुड़की, उत्तर प्रदेश राज्य में मुजफ्फरनगर, मेरठ को जोड़ने वाला और मेरठ के निकट रारा-34 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग। | **66.2** |
| 17 | **334ए** | | उत्तर प्रदेश राज्य में पुरकाजी के निकट रारा-334 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर लक्सर को जोड़ने वाला और उत्तराखंड राज्य में हरिद्वार के निकट रारा-34 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग। | **46.5** |
| 18 | **534** | 119 | उत्तर प्रदेश राज्य में नजीबाबाद के निकट रारा-34 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर कोटद्वार, सतपौली को जोड़ने वाला और उत्तराखंड राज्य में बूबाखल के निकट समाप्त होने वाला राजमार्ग। | **137.1** |
| 19 | **734** | 74 | उत्तर प्रदेश राज्य में नजीबाबाद के निकट रारा-34 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर नगीना को जोड़ने वाला और उत्तराखंड राज्य में काशीपुर के निकट रारा-309 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग। | **32.1** |
| 20 | **344** | 72 और 73 | हरियाणा राज्य में अंबाला के निकट रारा-44 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर धनाना, साहा, यमुनानगर, उत्तर प्रदेश राज्य में सहारनपुर को जोड़ने वाला और उत्तराखंड राज्य में रुड़की के निकट रारा-334 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग। | **22.0** |
| | | | **उप जोड़** | **2,949.3** |

*****